भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 11

(सोमवार, 01 दिसंबर, 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

सीएसआर निधि

11. श्री ज्ञानेश्वर पाटील:
श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:
डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:
श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:
श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:

क्या **कारपोरेट मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में संचालित बैंकों,
बीमा कंपनियों और वित्त संस्थानों द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ का वार्षिक अलग-अलग ब्यौरा क्या है और सीएसआर निधि के तहत उक्त राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र में कितनी धनराशि खर्च की गई है;
(ख) उक्त राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र में सीएसआर निधि के अंतर्गत उक्त संस्थाओं द्वारा कितनी धनराशि खर्च की गई है; और
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सीएसआर निधि के तहत देश के अन्य राज्यों में उक्त बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्त संस्थानों द्वारा कुल कितना व्यय किया गया है और इसकी वार्षिक स्थिति क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): कंपनियों द्वारा एमसीए21 रजिस्ट्री में फाइल किया गया सीएसआर व्यय से संबंधित समस्त डाटा सार्वजनिक डोमेन www.csr.gov.in पर उपलब्ध है। कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत बैंकिंग कंपनियों, बीमा कंपनियों और वित्त संस्थानों द्वारा की गई वार्षिक फाइलिंग के आधार पर, संघ राज्य क्षेत्र दादरा और नगर हवेली, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में उनके द्वारा किए गए सीएसआर व्यय के साथ-साथ पिछले तीन वित्त वर्षों (वित्त वर्ष) अर्थात् वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान उनके वार्षिक निवल लाभ अनुलग्नक-I में संलग्न किया गया है।

(ग): देश के सभी राज्यों में कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत बैंकिंग कंपनियों, बीमा कंपनियों और वित्त संस्थाओं द्वारा किया गया सीएसआर व्यय अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।

*****

अनुलग्नक-I

दिनांक 01.12.2025 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के भाग (क) और (ख) से संदर्भित

(राशि करोड़ रुपये में)

वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 तक दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बैंकों द्वारा उनके वार्षिक निवल लाभ के साथ सीएसआर व्यय						
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वित्त वर्ष 2021-22**		**वित्त वर्ष 2022-23**		**वित्त वर्ष 2023-24**	
	सीएसआर व्यय	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	-	-	-	-	-	-
महाराष्ट्र	378.75	3751.75	249.54	6613.03	230.69	2716.59
मध्य प्रदेश	41.57	930.55	50.49	1122.76	50.59	(1749.31)
कुल	**420.32**	**4682.30**	**300.03**	**7735.79**	**281.28**	**967.28**

वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 तक दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बीमा कंपनियों द्वारा उनके वार्षिक निवल लाभ के साथ सीएसआर व्यय						
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वित्त वर्ष 2021-22**		**वित्त वर्ष 2022-23**		**वित्त वर्ष 2023-24**	
	सीएसआर व्यय	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	0.10	14.64	-	-	-	17.37
महाराष्ट्र	102.01	2525.73	70.97	3271.25	82.45	4228.26
मध्य प्रदेश	3.3	313.16	4.84	597.52	2.48	928.28
कुल	**105.41**	**2853.53**	**75.80**	**3868.77**	**84.93**	**5173.91**

वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 तक दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में वित्त संस्थानों द्वारा उनके वार्षिक निवल लाभ के साथ सीएसआर व्यय						
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**वित्त वर्ष 2021-22**		**वित्त वर्ष 2022-23**		**वित्त वर्ष 2023-24**	
	सीएसआर व्यय	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***	**सीएसआर व्यय**	**निवल लाभ***
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	0.88	1165.99	1.30	28441.2	5.32	31077.42
महाराष्ट्र	932.82	66,477.83	898.37	119,093.74	881.15	166,938.62
मध्य प्रदेश	72.18	32,515.57	86.78	61,261.95	84.24	82,503.30
कुल	**1,005.87**	**100,159.39**	**986.44**	**208,796.89**	**970.71**	**280,519.34**

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

***निवल लाभ** के आंकड़े संबंधित संपूर्ण उद्यमों के लिए उन पर आधारित हैं।

*****

अनुलग्नक-II

दिनांक 01.12.2025 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के भाग (ग) से संदर्भित

(राशि करोड़ रुपये में)

वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 तक भारत में बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्त संस्थानों द्वारा सीएसआर व्यय			
विवरण	**वित्त वर्ष 2021-22**	**वित्त वर्ष 2022-23**	**वित्त वर्ष 2023-24**
बैंकों द्वारा सीएसआर व्यय	**1670.89**	**2035.20**	**2,299.75**
बीमा कंपनियों द्वारा सीएसआर व्यय	**273.90**	**310.49**	**332.96**
वित्त संस्थानों द्वारा सीएसआर व्यय	**3499.05**	**4172.48**	**4752.01**
कुल	**5443.84**	**6518.17**	**7,384.72**

(31.03.2025 तक के आंकड़े) [स्रोत: कारपोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ]

*****